हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 18 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 20.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

14 नपं में मना जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव



14 स्कूल में मंच निर्माण का पार्षद ने किया भूमि पूजन





# पंचायत एवं नगरीय निकायों में लगेंगे शिविर, बनाई गई रूपरेखा

## समस्याओं का किया जाएगा निराकरण, अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को समय सीमा की बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह अंतर्गत 20 दिसम्बर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाने हेतु निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत को कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार करने तथा अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत 20–20 पंचायतों के प्रत्येक क्लस्टर में शिविर लगाएं, जिसमें क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे। शिविर में सभी विभागों के विकासखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे तथा लोगों के आवेदन लेकर निराकरण करेंगे। इसके साथ ही विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित भी करेंगे। इसी प्रकार नगरीय निकायों में भी शिविर आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन सप्ताह में सीपीग्राम, पीजीएन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, ई –समाधान, कलेक्टर जानदर्शन अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करते हुए ऑनलाइन पोर्टल में अपडेट करना है। उन्होंने कहा कि प्रकरणों का निराकरण संवेदनशीलतापूर्वक एवं नियमानुसार ही करें।



### निर्माण कार्यों की समीक्षा

धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों में जाम की स्थिति से निपटने के लिए अस्थायी संग्रहण केंद्र बनाने जमीन चिन्हांकित करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। उन्होंने कहा कि अस्थाई संग्रहण केंद्र के लिए चिन्हांकित जमीन का फेंसिंग कराकर उपार्जन केंद्र से धान शिफ्ट कराएं। बैठक में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के आवेदन, समय–सीमा सहित विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों तथा निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## खबर संक्षेप

### नपं चुनाव के लिए हुई आरक्षण की कार्रवाई

**पवनी।** कलेक्टर सभाकक्ष सारंगढ़ में मंगलवार को कलेक्टर धर्मेश साहू, वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और जन साधारण की उपस्थिति में जिले के नगर पंचायतों की आरक्षण कार्रवाई की गई। छत्तीसगढ़ नगरपालिका अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण नियम 1994 के अनुषांगिक प्रावधानों के तारतम्य में नगर पंचायत बरमकेला, सरिया, सरसीवां, भटगांव, पवनी एवं बिलाईगढ़ के वार्डों का आरक्षण प्रवर्गवार तथा महिला प्रवर्गवार कार्रवाई की गई।

### जिला मेडिकल बोर्ड का विशेष आयोजन मंगलवार को

**बलौदाबाजार।** जिला चिकित्सालय में जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को किया जाता है। 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती एवं 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व पर शासकीय अवकाश होने के कारण विशेष मेडिकल बोर्ड का आयोजन 24 दिसंबर मंगलवार को रखा गया है। इससे विभागीय परीक्षा में चयनित अभियार्थियों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगजनों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जा सके एवं उन्हें असुविधा का सामना न करना पड़े। 1 जनवरी से जिला मेडिकल बोर्ड सप्ताह के प्रत्यके बुधवार से शिविर यथावत आयोजित किया जायेगा।

### गोदाम से प्लास्टिक कंटेनर चोरी

**महासमुंद।** नगर के पंजाबीपारा स्थित एक गोदाम से प्लास्टिक के कंटेनर चोरी हो गए। कोतवाली पुलिस ने मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि गांधी चौक सिविल लाइन निवासी पवन पारख का पंजाबीपारा में गोदाम है। 13 दिसंबर की रात 7:30 बजे के करीब प्रार्थी का लड़का धरम पारख गोदाम में लगे लोहे के दरवाजे में ताला लगाकर घर आ गया था। अगले दिन 14 दिसंबर की सुबह 8 बजे प्रार्थी ने जब अपने गोदाम जाकर देखा तो उसका ताला टूटा हुआ था और अंदर का सामान इधर उधर बिखरा पडा हुआ था। चेक करने पर गोदाम में रखे 28 नग कार्टून प्लास्टिक कंटेनर कीमत करीबन 51200 रुपए नहीं थे। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### सिविल इंजीनियर के घर से आभूषण और नगद रकम चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा के सिविल इंजीनियर के घर से दिनदहाड़े सोने-चांदी के आभूषण और नगद रकम चोरी की घटना हुई है। पुलिस को प्रार्थी व वार्ड 6 निवासी जिशान अहमद ने बताया कि 15 दिसंबर की दोपहर करीब 3 बजे अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर का ताला तोड़कर आलमारियों रखे सोने और चांदी के आभूषण, घड़ी और नगद रकम की चोरी कर ली। पिथौरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ए) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### लभराखुर्द में मनाया गया विजय दिवस

**महासमुंद।** नेहरू युवा केंद्र महासमुंद द्वारा 16 दिसंबर को ग्राम लभराखुर्द में विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी के निर्देशानुसार किया गया। भुवनेश्वरी साहू द्वारा विजय दिवस कार्यक्रम के बारे में बताया गया कि भारत में प्रतिवर्ष 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1971 में इसी दिन पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में भारत ने ऐतिहासिक जीत हासिल की थी।

## धान बिक्री के लिए अब तक 12795.16 किसानों का टोकन काटा गया

# 30 हजार 233 किसानों ने किया 1 लाख 31 हजार टन धान का विक्रय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 65 प्राथमिक कृषि साख समितियों के 86 उपार्जन केंद्रों में 17 दिसंबर की स्थिति में 30233 किसानों से 131039.24 क्विंटल धान खरीदी की गई। लक्ष्य के विरुद्ध 40934.04 मोटा धान, 6.04 पतला धान, 90099 .16 सरना धान की खरीदी की गई है।

जिला खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने जानकारी दी है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 89596 कृषक पंजीकृत हैं, जिसमें 30233 किसानों द्वारा धान विक्रय किया। किसानों द्वारा रकबा 25253.27 हेक्टेयर में उपजे हुए धान का विक्रय किसानों ने किया है। अभी तक 33.75 कृषकों ने धान विक्रय किया है। जिला खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि सभी धान उपार्जन केंद्रों के लिए धान खरीदी करने के लिए बारदाना पर्याप्त है।



किसी भी किसान को बारदाना या अन्य किसी कार्यों के लिए तकलीफ नहीं उठानी पड़ेगी। जिला खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि बफर लिमिट में 65 समितियां है। संग्रहण केंद्र का जारी टीओ 23946 मीटरिक टन रहा, जिसमें 7202 टन धान समिति केंद्र से उठाव किया जा चुका है। 17 दिसंबर की स्थिति में 12795.16 किसानों का टोकन काटा जा चुका है। जिले के सभी राइस मिलर्स धान उठाव करन लिए डीईओ कटवा रहे हैं। अनुमान है कि 31 दिसंबर से पूर्व खरीदी केंद्रों में धान का पूरा उठाव हो जायेगा।

## दो राइस मिल में छापा, हजारों क्विंटल धान और चावल जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

धान खरीदी केन्द्रों में बढ़ते हुए धान आवक के दबाव को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर धर्मेश साहू के द्वारा बनाए गए टीम में प्रखर चंद्राकर एसडीएम, चितरंजन सिंह जिला खाद्य अधिकारी, शनि पैकरा तहसीलदार, अनिकेत साहू डिप्टी कलेक्टर द्वारा दो राइस मिल में कार्रवाई की गई। टीम द्वारा बरमकेला क्षेत्र के जय भवानी राइस मिल ग्राम बोंदा विकासखंड बरमकेला फर्म के व्यापारी जय प्रकाश अग्रवाल के राइस मिल का औचक निरीक्षण किया गया। इस राइस मिल के भौतिक सत्यापन में प्राप्त धान 23636.80 क्विंटल और चावल 1385 क्विंटल की जब्ती, बी –1 रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण बनायी गई। वहीं दूसरी ओर गोपाल राइस मिल बरमकेला का औचक निरीक्षण किया गया है। इस राइस मिल के भौतिक सत्यापन में 913 क्विंटल धान का स्टॉक निर्धारित मात्र से अधिक पाया। जांच के समय मिल स्वामी गोपाल अग्रवाल द्वारा बी –1 रजिस्टर प्रस्तुत ना किए जाने के कारण मिल में उपलब्ध धान 25402 क्विंटल और चावल 1513 क्विंटल को जब्त किया गया।

- भौतिक सत्यापन में निर्धारित मात्र से अधिक पाया गया स्टॉक

## पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को बांटी जा रही विष्णु के पाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में सरकार गठन के एक साल होने पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा घर-घर पहुंचकर विष्णु के पाती(पत्रों) का वितरण किया जा रहा है। जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम पंचायत मोहतरा ग्राम गोरधा, ग्राम पंचायत नवागांव के आश्रित गांव कोठारी व तालदादार में स्वीकृत हितग्राहियों को मुख्यमंत्री के पाती (पत्र) उनके आवास निर्माण स्थल में पहुंच कर दिया गया।



हितग्राहियों द्वारा भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित जनपद के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## आबकारी टीम ने जब्त की 200 पौवा शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला अबकारी अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले में अवैध मदिरा परिवहन व भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर जांच में ग्राम भालूकोना में आरोपी सुमित कुर्रे एवं रविशंकर कुर्रे द्वारा मोटर सायकिल एचएफ डिलक्स में दो बैग में रखे कुल 200 पौवा शराब जब्त की गई। कार्रवाई में आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक जिला अबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा, चिंतामणि डहरिया मौजूद थे।



## आदतन अपराधियों को कानून का खौफ नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर जैसे-जैसे अपने विकास कार्य की गति को तेज कर रहा है, वैसे-वैसे नगर में कुछ नामी आदतन अपराधियों की दहशत भी आमजन के भीतर बढ़ती जा रही है।

एक ओर गांजा व अन्य नशीले पदार्थ की बिक्री खुलें आम हो रही हैं, वहीं आपराधिक तत्व के लोग रात अपनी दहशतगर्दी दिखाने में भी पीछे नहीं हटते।अभी बीती रात राहुल यादव उर्फ राहुल जेकर द्वारा रात 12 बजे महावीर वार्ड निवासी के घर अंदर मारपीट करने का मामला सामने आया। पैसे की उगाही को लेकर रात्रि गोपीचंद साहू को देर रात घर अंदर घुस कर मारपीट की गई, जिसकी सूचना शहर थाना को दी गई।महाविद्यालय के छात्राओं से छेड़छाड़ व बदतमीजी का भी मामला राहुल जेकर द्वारा किया जाता रहा है, जिसकी शिकायत छात्राओं द्वारा की जा ▶▶ शेष पेज 13 पर

- पीड़ित ने थाने में दर्ज करायी है शिकायत

### डंडा लेकर घर के अंदर घुसकर गाली गलौज

**महासमुंद।** देर रात घर के अंदर आकर आंगन में गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में सांकरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। सांकरा पुलिस को ग्राम लोहरीनडोंगरी निवासी नंद कुमार पटेल ने बताया कि आरोपी राम प्रसाद कलेत 16 दिसंबर की रात्रि करीबन 1.30 बजे डंडा लेकर मेरे घर के अंदर घुसकर आंगन में गाली गलौज कर रहा था।

## 80 लीटर महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार




**सिमगा।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस सहायता केन्द्र लिमतरा द्वारा सहायक उप निरीक्षक केसरिया, प्रधान आरक्षक अरविंद राय, राजेंद्र नेताम, आरक्षक पंकज शर्मा, कृष्ण कुमार सिंदराम एवं लक्ष्मी यादव की टीम द्वारा अलग–अलग मामलों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 2 आरोपी चंद्रकांत मसीह 53 साल निवासी ग्राम विश्रामपुर एवं मनाहिल दास 64 साल निवासी ग्राम विश्रामपुर को पकड़ा है। आरोपियों से 16 हजार कीमत मूल्य के कुल 80 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध पुलिस सहायता केन्द्र लिमतरा थाना सिमगा में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौंपा

# बिना अनुमति से संचालित चर्च प्रार्थनासभाओं पर हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के सदस्यों ने कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन के माध्यम से अवैध रूप से संचालित चर्च प्रार्थनासभाओं में क्रिसमस डे 25 दिसम्बर को कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दिए जाने की मांग की। विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कहा की जिले में कई गांव में अवैधानिक तरीके से फर्जी पास्टर पादरी बनकर कुछ लोगों द्वारा अपने घरों में या अपनी निजी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। शासकीय भूमि पर प्रार्थना सभा लगाकर भोले भाले अनपढ़ कमजोर समस्याग्रस्त हिन्दू समाज के लोगों को प्रार्थना कर इलाज करने परेशानियों को दूर करने का झांसा देकर धर्मान्तरण मतांतरण का खेल खेला जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। हाल ही में कुछ गांवों में इस बात को लेकर सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। उक्त घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन से मांग करते हैं कि संविधान सभी को अपने दायरे में बिना जोर जबरदस्ती के अपना मत पंथ पूजा पद्धति अपनाने का अधिकार प्रदान करता है, लेकिन बहुसंख्यक हिन्दू समाज की भावनाएं आहत ना हों, बेवजह हिन्दू आबादी जहां की ईसाई या अन्य सम्प्रदाय के मानने वाले ना हों, उन स्थानों पर लाउडस्पीकर लगाकर बाहरी भीड़ एकत्रित कर शोर शराबा करने की अनुमति ना दी जाए। ऐसा करने वालों को ग्रामीणों को परेशान करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला मंत्री राजेश केशरवानी, जिला सहसंयोजक विजय साहू, प्रखंड संयोजक विनय धींवर एवं द्वारिका साहू इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## डॉ.भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण आज

**गिधौरी।** ग्राम पंचायत बरपाली में संत बाबा गुरुघासीदास की जयंती पर आज दोपहर 12 बजे भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दाऊराम रत्नाकर पूर्व विधायक, विशिष्ट अतिथि खीखराम निराला, जगत निराला, संतराम, अध्यक्षता उत्तरा प्रेम साहू, संयोजक अनुप निराला, मनहरण साहू आदि शामिल होंगे।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# गणित के बाद अब विज्ञान भी 'स्टैंडर्ड और बेसिक', छात्र चुन सकेंगे सरल या कठिन पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कक्षा दसवीं के विद्यार्थी अब सरल अथवा कठिन विज्ञान का चुनाव कर सकेंगे। ना सिर्फ विज्ञान, बल्कि सामाजिक विज्ञान में भी छात्रों को यह विकल्प दिया जाएगा। अब तक सीबीएसई दसवीं कक्षा में गणित के विद्यार्थियों को ही ये विकल्प प्रदान करता रहा है, लेकिन दो सत्र बाद शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विद्यार्थियों को विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में भी स्टैंडर्ड और बेसिक का विकल्प प्रदान किया जाएगा। इसके अनुसार पाठ्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी। ना सिर्फ दसवीं, बल्कि नवमी के विद्यार्थियों को भी यह विकल्प देने पर विचार किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, इन विषयों को दो लेवल पर पेश करने का फैसला सीबीएसई की करिकुलम समिति की हाल ही में हुई बैठक में लिया गया। बोर्ड की गवर्निंग बॉडी, जो इसका सर्वोच्च फैसला लेने वाली अथॉरिटी है द्वारा फाइनल मंजूरी दिए जाने के बाद इस पर कार्य शुरू किया जाएगा। अगले सत्र में इसे लागू नहीं किया जाएगा। नवमी और दसवीं दोनों ही कक्षाओं में इसे एक साथ लागू किया जाएगा।

- अब तक गणित विषय में ही दी गई थी विद्यार्थियों को यह सुविधा
- दो सत्र बाद शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी




### समान है सिलेबस

यह सुझाव दबाव और कोचिंग कल्चर को कम करने के लिए पॉलिसी के प्रयास का हिस्सा है। वर्तमान में दसवीं कक्षा में ही विद्यार्थियों को बेसिक और स्टैंडर्ड का विकल्प दिया जा रहा है। गणित (स्टैंडर्ड) और गणित (बेसिक) चुनने वाले स्टूडेंट्स के लिए सिलेबस समान है, लेकिन बोर्ड परीक्षा में पेपर और सवालों की कठिनाइ का लेवल अलग-अलग होता है। यह सिस्टम 2019-20 एकेडमिक ईयर में शुरू की गई थी। सीबीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 की परीक्षा में बेसिक लेवल के लिए 6,79,560 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जबकि स्टैंडर्ड लेवल के लिए 15,88,041 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

### अलग स्टडी मटेरियल का इस्तेमाल

एडवांस्ड और बेसिक लेवल का ऑप्शन चुनने वाले स्टूडेंट्स अलग स्टडी मटेरियल का इस्तेमाल करेंगे या केवल उनकी परीक्षा ही अलग होगी, इस पर भी मंथन होगा। सूत्रों के मुताबिक, सीबीएसई राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा नई टैक्टबुक्स के जारी होने का इंतजार कर रहा है, जो अपडेट नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के अनुरूप है। एनसीईआरटी ने पिछले साल कक्षा पहली और दूसरी के लिए तथा इस साल कक्षा तीसरी और छठवीं के लिए नई टैक्स्टबुक जारी की थी। नया एकेडमिक सेशन शुरू होने से पहले 2025 की शुरुआत में कुछ और कक्षाओं के लिए किताबें जारी होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### पटवारियों ने किया ऑनलाइन कामकाज का बहिष्कार

रायपुर। इंटरनेट, कम्प्यूटर सिस्टम-लैपटॉप जैसे ऑनलाइन संसाधन व भत्ता की मांग को लेकर प्रदेशभर के पटवारी सोमवार से ऑनलाइन काम का बहिष्कार कर दिए हैं, वहीं तहसीलदार व पटवारियों का संयुक्त रूप से बने वाट्सएप ग्रुप से भी लेफ्ट हो गए हैं। इस वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पटवारियों को तहसीलदारों द्वारा ऑनलाइन राजस्व से संबंधी कार्य करने आदेश दिए जाते थे। ग्रुप से लेफ्ट होकर पटवारियों ने इस आदेश का बहिष्कार किया है। इससे पूर्व पटवारियों ने काले रंग के कपड़े पहनकर विरोध जता चुके हैं।

### नारायण ईस्ट कोस्ट रेलवे के परामर्श दात्री समिति के बने सदस्य



रायपुर। ईस्ट कोस्ट रेलवे के क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति जेडआरयूसी में नारायण भूषणिया को रेल मंत्रालय ने सदस्य के रूप में नामांकित किया है। श्री भूषणिया का कार्यकाल 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2026 तक 2 वर्ष की अवधि के लिए होगा।

### नगर निगम के नियमित और प्लेसमेंट अधिकारी, कर्मचारी आज सामूहिक अवकाश पर

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के आव्हान और सामूहिक निर्णय के बाद नगर निगम रायपुर के नियमित व प्लेमेंट स्थापना के अधिकारी कर्मचारी 17 दिसंबर को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। नगरीय निकायों में प्लेसमेंट कर्मचारियों की वेतन विसंगति, नियमित कर्मचारियों की पुराने पेंशन योजना लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर लामबंद कर्मचारी 11 बजे निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर हड़ताल पर जाएंगे।

### छत्तीसगढ़ में डेयरी और वन उपज विकास के लिए एमओयू

रायपुर । छत्तीसगढ़ ने सहकारी विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। छत्तीसगढ़ सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के बीच डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए समझौता हुआ। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित और राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) के बीच एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में आज दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल प्रदेश में डेयरी और वन उपज विकास को गति देने के साथ ही आदिवासी समुदाय और किसानों के उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा, छत्तीसगढ़ एक ऐसा प्रदेश है, जहां कुदरत ने अपनी संपदा को भरपूर मात्रा में बांटा है। यहां न तो पानी की कमी है, न भूमि की और न मेहनतकश लोगों की।

## सिलतरा व उरला में स्थानीय युवाओं को नौकरी नहीं, बाहरी को दे रहे प्राथमिकता



- प्रदेश के प्रत्येक जिले में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन, गिनाई अपने क्षेत्र की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस द्वारा चरणबद्ध स्तर पर प्रदर्शन के निर्णय के अंतर्गत सोमवार को यूथ कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के संदर्भ में यूथ कांग्रेस के सदस्यों ने जानकारी देते हुए समाधान की मांग की। राजधानी में भी युवा कलेक्टरेट पहुंचे। इस दौरान राजधानी में विभिन्न अव्यवस्थाओं के कारण लोगों को हो रही असुविधा, बढ़ते अपराध के विषय में यूथ कांग्रेस ने कार्रवाई की मांग। यूथ कांग्रेस ने कहा, सिलतरा व उरला औद्योगिक क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। इसके स्थान पर बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। लगातार राजधानी के सड़कों पर जाम की स्थिति नजर आती है। 2 किलोमीटर का सफर तय करने में घंटे का समय लग जाता है। इस दौरान प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला, सागर वाघमारे, आशिक कुजूर, अभिलाषा पोएम, विनोद कश्यप, सजल चंद्राकर, तुषार गुहा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### 500 रुपए में नहीं मिल रहा सिलेंडर

प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, हमने प्रदेश के प्रत्येक जिलों में जिला मुख्यालय में जाकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश में अपराध एक साधारण बात हो गई है। चाकूबाजी की घटना एक आम खबर लगने लग गई है। प्रदेश में मेडिकल नशा बड़ी आसानी के साथ सभी दुकानों में उपलब्ध हो जा रहा है। इसके कारण अपराध एवं लूट और चोरी की घटनाएं राजधानी समेत पूरे प्रदेश में बढ़ गई है। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार को एक वर्ष हो गए हैं।

## एमआईसी की बैठक में 11 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# दर्जनभर से ज्यादा जगहों पर बनेंगे नए शौचालय, 2 स्थानों पर नई लाइब्रेरी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। इसमें 11 एजेंडों पर परिषद के सदस्यों ने विचार-विमर्श कर प्रस्ताव को मंजूरी दी। इन प्रस्तावों के तहत शहर में 13 स्थानों पर आम जनता की सुविधा के लिए 6 और 10 सीटर नए शौचालय निर्माण, राजधानी में नालंदा की तर्ज पर दलदल सिवनी के साइंस सेंटर के पीछे स्थित खाली जगह पर 2 मंजिला नई लाइब्रेरी और नालंदा परिसर में 1000 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, नया लाइब्रेरी भवन बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। एक अन्य प्रस्ताव में राजधानी के आउटर वार्ड स्थित फुंडहर में टेनिस एकेडमी के पास रिक्त भूमि पर इंडोर स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव एमआईसी में पारित हुआ।

युवाओं के लिए नए साल में 2 नई लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। कुशाभाउ ठाकरे वार्ड स्थित दलदल सिवनी में साइंस सेंटर के पीछे खाली पड़ी जगह पर 500 सीटर लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इसी तरह जीई रोड स्थित नालंदा परिसर के पीछे 2 फ्लोर वाली सर्वसुविधा युक्त लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। नगरीय प्रशासन के तकनीकि प्रकोष्ठ द्वारा 2 जगहों पर नई लाइब्रेरी निर्माण कराया जाएगा। मेयर इन काउंसिल की बैठक में नई लाइब्रेरी निर्माण संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे आने वाले दिनों में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने और शैक्षणिक अध्ययन संबंधी कार्य में सहूलियत मिलेगी। एमआईसी की बैठक में नामकरण, स्थल परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव के अलावा फुंडहर में टेनिक एकेडमी के पास रिक्त भूमि पर इंडोर स्टेडियम बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इंडोर स्टेडियम में 1 बास्केट बाल कोर्ट, 3 बैडमिंटन कोर्ट, 1 बाक्सिंग कोर्ट, 1 टेबल टेनिस कोर्ट के अलावा खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम बनाया जाएगा।

बैठक में एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, समीर अख्तर,रितेश त्रिपाठी, आकाश तिवारी, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, सुंदर जोगी, द्रोपती पटेल, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, अपर आयुक्त विनोद पांडे सहित जोन कमिश्नर व विभागीय अधिकारी उपस्थत रहे।



*6 सीटर शौचालय इन जगहों पर प्रस्तावित्र*
- 0 पुरानी बस्ती क्षेत्र में दूधाधारी मठ के पास
- 0 विद्याचरण शुक्ल वार्ड में एजेंसी पार्क के पास
- 0 महादेवघाट के पास.

**10 सीटर शौचालय इन जगहों पर**
- 0 तेलीबांधा तालाब के पास
- 0 स्वामी विवेकानंद सरोवर के पास
- 0 कटोरातालाब के पास
- 0 कालीमाता मंदिर के पास
- 0 महामाया मंदिर के पास
- 0 भाठागांव बस स्टेंड के पास
- 0 राम मंदिर के पास
- 0 जीई रोड में नालंदा परिसर के समीप
- 0 समता कालोनी क्षेत्र में खाटू श्याम मंदिर के पास
- 0 जगन्नाथ मंदिर के पास

*13 जगहों पर नए शौचालय बनाने का प्रस्ताव : स्वच्छ भारत मिशन के तहत राजधानी में 13 स्थानों पर 6 सीटर और 10 सीटर नया शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। शौचालय के साथ यूरिनल निर्माण के लिए ई टेडरिंग कर निविदा निकाली जाएगी। अनुबंधित कंपनी 5 साल तक शौचालय के संधारण व संचालन का कार्य करेगी। आकांक्षीय शौचालय शहर के 3 स्थानों पर 6 सीटर औश्र 10 जगहों पर 10 सीटर नए शौचालय का निर्माण संबंधी प्रस्ताव को एमआईसी ने पारित किया है।*

हरिभूमि सरोकार

## स्वच्छता दीदी, निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों की रैली विस घेरने निकले, पुलिस ने रोका




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 3 संगठनों ने एक साथ किया विरोध प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर 3 अलग-अलग कर्मचारी संगठनों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ स्वच्छता दीदी महिला, पुरुष महासंघ के आव्हान पर बड़ी संख्या में कर्मचारी धरना स्थल से विधानसभा घेराव के लिए रैली निकले। ताली पीटकर कलेक्टर दर पर मानदेय की मांग कर रही स्वच्छता दीदी ने शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने जमकर हल्ला बोला। विधानसभा घेराव के लिए लिए हड़ताली कर्मचारियों को पुलिस प्रशासन ने रास्ते में ही रोक दिया। वहीं छत्तीसगढ़ नगरीय प्लेसमेंट कर्मचारी और निकाय के नवनियुक्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ के आंदोलन में प्रदेश के दूरदराज से आए कर्मचारी शामिल रहे। सोमवार को धरना स्थल पर कर्मचारियों के धरना प्रदर्शन के कारण खासी गहमागहमी देखने को मिली। प्रदेशभर से स्वच्छता दीदी अपनी लंबित मांगों को लेकर विधानसभा घेराव के लिए एकत्रित हुईं। हाथों में बैनर पोस्टर लेकर बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदी महिला व पुरुष महासंघ के बैनर तले महिलाओं ने विधानसभा घेराव के लिए धरना स्थल से रैली निकाली। इसके साथ ही प्रदेशभर से नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी निकायों में ठेका प्रथा समाप्त कर निकायों में समायोजन कर विभाग से वेतन भुगतान की मांग करने बड़ी संख्या में एकजुट हुए। सरगुजा, दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर और बस्तर संभाग से भी निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी धरना स्थल पर प्रदर्शन करने पहुंचे।

## बच्ची को मां से छीनकर बिना तलाक लिए किया दूसरा विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहली पत्नी से उसकी बच्ची को छीनकर दूसरी महिला से विवाह करने के प्रकरण में राज्य महिला आयोग ने आरोपी व्यक्ति को बच्ची और दूसरी महिला के साथ सुनवाई में उपस्थित होने का आदेश दिया है। आरोपी महासमुंद के वेयर हाउस में दैनिक वेतनभोगी है। आदेश का पालन नहीं करने पर आयोग आरोपी की सेवा समाप्ति के लिए विभाग से अनुशंसा करेगा। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक सहित अन्य सदस्यों ने सोमवार को महासमुंद के कलेक्टर सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक महिला ने अपने पति के विरुद्ध शिकायत की थी कि उसका विवाह वर्ष 2008 में हुआ था। दोनों पति-पत्नी के 5 वर्ष की बेटी और 2 वर्ष का बेटा है। किसी कारण से दोनों के बीच विवाद होने पर उसका पति उसकी बेटी को उससे छीनकर अलग रहने लगा और एक दूसरी महिला से विवाह कर लिया। दूसरी महिला द्वारा उसके पति के साथ करवाचौथ मनाते हुए फोटो भी सोशल मीडिया में अपलोड किया गया है, जिससे यह पता चलता है कि दोनों ने विवाह कर लिया है। आयोग ने जब दूसरे विवाह के बारे में अनावेदक से पूछा, तो वह गलती छिपाने का प्रयास करने लगा। इस पर आयोग ने अनावेदक को आदेश दिया है कि 24 दिसंबर को रायपुर में इस मामले में सुनवाई की जाएगी, जिसमें उसे बच्ची और दूसरी महिला के साथ उपस्थित होना है।

## नक्सल उन्मूलन की समीक्षा, शाह बोले- सशस्त्र बलों के साथ एनआईए की प्रमुख भूमिका रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- मार्च 2026 तक नक्सलवाद पूर्णत: समाप्त करने संयुक्त प्रयास की जरूरत

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को रायपुर में वामपंथी उग्रवाद की स्थिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय गृहमंत्री के साथ बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने सभी बलों और एजेंसियों को मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूर्णतः समाप्त करने के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में संयुक्त प्रयास करने को कहा। उन्होंने समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सुरक्षाबलों के कारण पिछले एक साल में नक्सलियों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है, जो बहुत बड़ी सफलता है। नक्सलवाद के खत्मे के लिए सीआरपीएफ, आईटीबीएफ, बीएसएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस और डीआरजी मिलकर एक साल में बहुत बड़े लक्ष्य की ओर बढ़े हैं और निश्चित रूप से मार्च 2026 से पहले ही हम नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। श्री शाह ने जवानों को 2024 में नक्सलवाद के खिलाफ मिली अप्रत्याशित सफलता पर बधाई दी और उन्हें इसी जोश के साथ नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### एनआईए की प्रमुख भूमिका

केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में छत्तीसगढ़ पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों ने बहुत अच्छे और समन्वित तरीके से काम किया है। मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में अभी हमें काफी काम करना बाकी है और इसमें एनआईए की प्रमुख भूमिका रहेगी।

### ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा

समीक्षा बैठक के पूर्व श्री शाह ने बीजापुर में गुण्डम फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस का दौरा किया और बलों की ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की।

### शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और पट्टा वितरण में गड़बड़ी की होगी जांच

रायपूर । छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार के दौरान पट्टा वितरण में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा, पूर्व सरकार में सरकार के संरक्षण में शासकीय जमीनों की बंदरबाट की गई और उसके खिलाफ प्रशासनिक तौर पर कोई कार्रवाई सुनिश्चित नहीं हुई है। उन्होंने पूछा कि मंत्री बताएं कि ऐसे कितने अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित हुई है। वहीं जिला बिलासपुर में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी। सवाल के जवाब में मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि साय सरकार आने के बाद अभी तक कोई पट्टा वितरण नहीं हुआ है। पूर्ववर्ती सरकार में जो 700 के करीब पट्टे गलत ढंग से बंटे हैं, उसकी हम जांच कराएंगे कि वह पट्टा गलत व्यक्तियों को तो नहीं दिया गया है।




## 994 टंकी बनाने के बाद अब हो रही है जलस्त्रोत की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





- जल जीवन मिशन में अनियमितता पर पीएचई मंत्री ने दी सफाई

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में ध्यानाकर्षण पर चर्चा के दौरान जल जीवन मिशन में अनियमितता का मामला उठा। पीएचई मंत्री अरुण साव ने बताया कि पहले जल स्त्रोत की व्यवस्था करने के बाद ढांचा बनाए जाने का नियम है, लेकिन प्रदेश में 994 टंकियां बनाने के बाद अब जल स्त्रोत की व्यवस्था की जा रही है।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर, भावना बोहरा और कांग्रेस विधायक अंबिका मरकाम ने भी ध्यानाकर्षण में जल जीवन मिशन में गड़बड़ियों का मुद्दा उठाया। ध्यानाकर्षण पर चर्चा के दौरान जल जीवन मिशन में अनियमितता का मुद्दा उठाया। अजय चंद्राकर ने कहा, धमतरी जिले के कई गांवों में गड़बड़ी की गई। ग्रामीणों को नल कनेक्शन नहीं मिला। पीएचई मंत्री अरुण साव ने इस पर कहा, कोविड के कारण योजना के क्रियान्वयन में विलंब हुआ। योजना के तहत अब तक 39 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन दिया गया है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पलटवार करते हुए कहा, भारत सरकार की वेबसाइट और आपके द्वारा दिए आंकड़े में अंतर है। पहले जल स्त्रोत की व्यवस्था करनी चाहिए थी या टंकी ढांचा का निर्माण करना था। उन्होंने इस संदर्भ में भारत सरकार की गाइडलाइन जानकारी मांगी। मंत्री अरुण साव ने कहा, पहले जल स्त्रोत की व्यवस्था करने के बाद ढांचा बनाए जाने के नियम है। अजय चंद्राकर ने कहा कि कितने गांव में टंकी, ढांचा, बिना जल स्त्रोत के तैयार हुए हैं। मंत्री ने कहा कि 994 टंकियां तैयार हैं, इनमें जल स्त्रोत की व्यवस्था की जा रही है।

### 72 ठेकेदारों को किया गया बलैक लिस्टेड

मंत्री ने बताया कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने के कारण 6 कार्यपालन अभियंताओं का निलंबन और 4 कार्यपालन अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अनुबंधित कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में 2918 ठेकेदारों को नोटिस जारी किया गया है। शिकायतों के जांच के बाद 72 ठेकेदारों का ठेका निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड किया गया। गुणवत्ता सुनिश्चित करने 2.45 लाख मीटर यूपीव्हीसी पाइप मानक गुणवत्ता का नहीं होने के कारण अस्वीकृत कर ठेकेदारों को वापस किया गया। चार पाइप निर्माताओं को डिबार किया गया। मिशन में फर्जी दस्तावेज और गलत अनुभव प्रमाणपत्र के आधार पर निविदा प्राप्त करने वाले 26 संस्थाओं को ब्लैक लिस्टेड किया गया।

### 113 टंकी और 634 चबूतरे तोड़े गए

सिविल निर्माण कार्यों के गुणवत्ता खराब होने के कारण 113 टंकी, 634 नल चबूतरे और 12 बाउंड्रीवाल पंप हाउस तोड़े गए। साथ ही 9234 मीटर पाइप लाइन उखाड़कर बदले गए। विभाग ने गुणवत्ता सुनिश्चित करने यह कार्रवाई की है।



## खबर संक्षेप

### जनादेश परब में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब सुशासन अंतर्गत जनपद पंचायत महासमुंद तथा उसके अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम पंचायतों में 09 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पचरी, पथर्री, पासिद, कनेकेरा के अमृत सरोवरों पर एक पेड़ मां के नाम के तहत जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसी प्रकार समस्त ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी से स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। साफ-सफाई अभियान चलाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। घर-घर कचरा संग्रहण कर गांव को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन किए जाने का संकल्प लिया गया, ग्रामों के स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता, निबंध, ड्राइंग बनाकर स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया। प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) एवं जनमन आवास के हितग्राहियों को विष्णु की पाती के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश पहुंचाया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के समूह की दीदीयों द्वारा जनपद पंचायत संकल्प चक्र एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

पेज 11 का शेष

### आदतन अपराधियों को...

चुकी है, उसके बाद भी अपराधियों में कानून का कोई भय नहीं दिखता। सामान्य जन भी पुलिस को सूचना देने से डरने लगे हैं। कुछ दिन पहले ही जिलाबदर का अपराधी राहुल जेकर वापस हुआ और आते ही लगातार अपराध शुरू कर दिया है। अवैध नशीले पदार्थ की जिस प्रकार खुलेआम बिक्री हो रही, जहां यह कार्य इनके आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करता है।

# धुंध बन रही काल, ठंड में बढ़े सड़क हादसे, हर 10 एक्सीडेंट में चार की हो रही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


नवंबर से जनवरी के बीच रोड एक्सीडेंट में मृतकों की संख्या बढ़ जाती है। इसकी वजह रोड खाली होने से एक्सीडेंट के बाद घायलों को स्थानीय स्तर पर जो मदद मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल पाती। ज्यादातर दुर्घटनाएं तड़के तीन से पांच बजे के बीच होती हैं। ठंड के दिन में होने वाले एक्सीडेंट अन्य महीनों की तुलना में 25 प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं। इनमें दिसंबर तथा जनवरी में हादसे ज्यादा होने के साथ मौतें ज्यादा होती हैं।

पिछले पांच वर्षों की तुलना में वर्ष 2023 रोड एक्सीडेंट के मामले में खौफनाक रहा है। पिछले वर्ष जनवरी 2023 में रोड एक्सीडेंट में मरने वालों की संख्या छह सौ के पार पहुंच गई थी। इस वर्ष जनवरी में पिछले पांच वर्षों की तुलना में मृतकों की संख्या छह सौ के करीब पहुंच गई। पांच वर्ष पूर्व 2019 की तुलना की जाए तो जनवरी में रोड एक्सीडेंट में मरने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जनवरी 2019 में रोड एक्सीडेंट में 449 लोगों की मौत हुई थी। वर्ष 2023 में संख्या बढ़कर 603 हो गई है।

## नवंबर से जनवरी के बीच रोड एक्सीडेंट में मृतकों की संख्या में 25 प्रतिशत का इजाफा

### ठंड से बचने अधिक मात्रा में शराब का सेवन

ठंड के दिनों में कई वाहन चालक ठंड से बचने ज्यादा मात्रा में शराब का सेवन कर वाहन चलाते हैं, जानकार ज्यादा शराब सेवन कर वाहन चलाने को भी हादसे का कारण बता रहे हैं। ठंड के दिनों में रात के समय वाहन चलाते समय वाहन चालक को नींद ज्यादा आती है, इस वजह से भी एक्सीडेंट की घटनाएं होती हैं।



### पांच साल में नवंबर से जनवरी के बीच एक्सीडेंट में मौत

| | | | |
|---|---|---|---|
| नवंबर 2019 | 408 | दिसंबर- 378 | जनवरी - 519 |
| नवंबर 2020 | 470 | दिसंबर- 480 | जनवरी - 453 |
| नवंबर 2021 | 427 | दिसंबर- 440 | जनवरी - 652 |
| नवंबर 2022 | 535 | दिसंबर- 472 | जनवरी - 580 |
| नवंबर 2023 | 462 | दिसंबर- 533 | जनवरी - 603 |

**शीशा बंद होने से गाड़ी की स्पीड ज्यादा :** ठंड के दिनों में माल वाहक के साथ सभी तरह के छोटे-बड़े चारपहिया वाहन के ड्राइवर ठंड से बचने अपने वाहन का शीशा बंद कर वाहन चलाते हैं। शीशा बंद होने की वजह से गाड़ी की स्पीड ज्यादा रहती है। रात के समय वाहन चालक स्पीड की ओर ध्यान नहीं दे पाता, इस वजह से भी एक्सीडेंट की घटनाएं ज्यादा होती हैं।

### इस वजह से एक्सीडेंट ज्यादा


एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा के अनुसार बारिश तथा गर्मी के दिनों की अपेक्षा नवंबर से जनवरी के बीच राज्य के उत्तरी इलाकों में एक्सीडेंट की घटनाएं ज्यादा होती हैं। राज्य के उत्तरी जिलों में ठंड का असर ज्यादा रहता है। ज्यादा ठंड होने की वजह से कोहरे का असर ज्यादा रहता है। इसका कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है। वाहन चालक सामने से आ रही गाड़ी को सही तरीके से देख नहीं पाता, इसके कारण एक्सीडेंट होता है।

## निर्वाचन प्रक्रिया : नगरीय निकायों के वार्डों के लिए हुआ आरक्षण

# जनसंख्या के आधार पर लॉटरी सिस्टम से 6 निकायों के लिए कराया गया आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के नगरीय निकायों में पार्षद पदों के लिए वार्डों का आरक्षण मंगलवार को संपन्न हुआ। नगर पालिका और नगर पंचायतों के आगामी निर्वाचन के लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 क में दिए गए प्रावधान अनुसार वार्डों का आरक्षण वर्ष 2011 के जनसंख्या के आधार पर लॉटरी सिस्टम से संपन्न ही प्रक्रिया में नगर पालिका परिषद महासमुंद के 30 वार्ड, बागबाहरा एवं सरायपाली के 15-15 वार्डों के साथ-साथ नगर पंचायत तुमगांव, बसना और पिथौरा के 15-15 वार्डों का आरक्षण भी किया गया। आरक्षण की इस प्रक्रिया में जनप्रतिनिधि और नागरिकों की उपस्थिति रही।




### नगर पालिका महासमुंद

इसी तरह नगर पालिका महासमुंद के लिए अनुसूचित जाति वर्ग आरक्षण अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4, 9, 11, 21, 30 जिसमें वार्ड क्रमांक 11 एवं 30 महिला वर्ग के लिए आरक्षित और अनुसूचित जनजाति वर्ग में वार्ड क्रमांक 5 एवं 12, जिसमें वार्ड क्रमांक 12 महिला आरक्षित, पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 02, 10, 15, 18, 19, 26, 20, 23 और 26, जिसमें वार्ड क्रमांक 15, 18 व 23 महिला आरक्षित, अनारक्षित वर्ग से वार्ड क्रमांक 1, 3, 6, 7, 8, 13, 14, 16, 17, 22, 24, 25, 27, 28, 29 जिसमें वार्ड क्रमांक 1, 3, 8 एवं 29 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया।

### नगर पंचायत तुमगांव

सर्वप्रथम नगर पंचायत तुमगांव के वार्डों का आरक्षण प्रक्रिया प्रारम्भ किया गया। प्रावधान अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग हेतु वार्ड क्रमांक 1 एवं 8 आरक्षित किया गया है। जिसमें से वार्ड क्रमांक 8 महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। इसी तरह अनुसूचित जनजाति वर्ग में वार्ड क्रमांक 15, पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 4, 9, 10 एवं 12, जिसमें वार्ड क्रमांक 4 महिला, अनारक्षित वर्ग में वार्ड क्रमांक 2, 3, 5, 6, 7, 11, 13, 14 जिसमें वार्ड क्रमांक 3, 7 एवं 13 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया।

### नगर पालिका बागबाहरा

नगर पालिका बागबाहरा के लिए अनुसूचित जाति वर्ग आरक्षण अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9, 10, 14, 15 जिसमें वार्ड क्रमांक 15 महिला वर्ग के लिए आरक्षित और अनुसूचित जनजाति वर्ग में वार्ड क्रमांक 1 एवं 6 जिसमें वार्ड क्रमांक 1 महिला आरक्षित, पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 3, अनारक्षित वर्ग से वार्ड क्रमांक 2, 4, 5, 7, 8, 11, 12 एवं 13 जिसमें वार्ड क्रमांक 5, 8 एवं 12 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया।

### नगर पालिका सरायपाली

नगर पालिका सरायपाली के लिए अनुसूचित जाति वर्ग आरक्षण अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 व 15 जिसमें वार्ड क्रमांक 15 महिला वर्ग के लिए आरक्षित और अनुसूचित जनजाति वर्ग में वार्ड क्रमांक 14, पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 4, 7 8 और 9 जिसमें वार्ड क्रमांक 7 महिला आरक्षित, अनारक्षित वर्ग से वार्ड क्रमांक 2, 3, 5, 6 10, 11, 12 एवं 13 जिसमें वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 12 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया।

### नगर पंचायत बसना

नगर पंचायत बसना के लिए अनुसूचित जाति वर्ग आरक्षण अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 और 5 जिसमें वार्ड क्रमांक 5 महिला वर्ग के लिए आरक्षित और अनुसूचित जनजाति वर्ग अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2, पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 3, 4, 6 और 7 जिसमें वार्ड क्रमांक 6 महिला आरक्षित, अनारक्षित वर्ग से वार्ड क्रमांक 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14 एवं 15 जिसमें वार्ड क्रमांक 10, 12 एवं 15 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया।

# शराब छोड़ाबो गांव बचाबो जन चेतना पदयात्रा 20 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

किसान जवान कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व सभापति मुरारी मिश्रा का शराब छोडाबो गांव बचाबों जन चेतना पदयात्रा के 15 वें वर्ष यात्रा का शुभारंभ ग्राम गोढ़ी टी से 20 दिसम्बर को होगा। पश्चात ग्राम राजपुर में मां महामाया के दर्शन पूजन कर रैली, शराब व नशा के खिलाफ संगोष्ठी राजनीतिक तथा जनचेतना संवाद एवं रात्रि विश्राम करेंगे। इस संबंध में मुरारी मिश्रा ने बताया कि 5 दिवसीय यह पद यात्रा विभिन्न ग्रामों से गुजरेगी, जिसमें 21 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे ग्राम गोढ़ी टी में शराब के खिलाफ संघर्ष करने वाले व्यक्तियों का सम्मान पश्चात राजपुर से सिंगारपुर, ग्राम लेवई, अकलतरा, परसपानी, बिजराडीह, सेंदरी से ग्राम खपराडीह पहुंचेगी। जहां रात्रि विश्राम पश्चात 22 दिसम्बर को आलेसुर, राजाढार, खैरी, गुर्रा, खम्हरिया, मिरगी, परसाडीह पहुंचेगी। रात्रि विश्राम पश्चात 23 दिसम्बर को परसाडीह से मल्दी, देवरानी, जेठानी, टेकारी, मानिकपुर, आमाकोनी, मोपर से सेमराडीह पहुंचेगी। सेमराडीह में रात्रि विश्राम पश्चात 24 दिसम्बर को भरूवाडीह, ठेलकी, पुरान, रिसदा, कोकड़ी होते हुए बलौदाबाजार पहुंचेगी, जहां दोपहर 1 बजे कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम शराबबंदी और अवैध शराब के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जायेगा। मुरारी मिश्रा ने प्रबुद्धजनों, महिलाओं एवं ग्रामीणों से यात्रा में शामिल होकर शराब के खिलाफ आवाज बुलंद करने की अपील की है। विदित हो इसके पूर्व मुरारी मिश्रा द्वारा पिछले 13 वर्ष से लगातार शराब एवं नशे के खिलाफ 429 ग्रामों में 1335 किलोमीटर से अधिक की पदयात्रा कर चुके हैं।

- मुरारी मिश्रा ग्राम गोढ़ी टी से करेंगे शुभारंभ


### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से मिली नई उड़ान

**महासमुंद।** महासमुंद विकासखंड के ग्राम अछारीहडीह की रहने वाली दिव्या सोनवानी एक साधारण गृहिणी है, जो अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का सपना देखा करती थीं। एक दिन उन्होंने समाचार पत्र में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में पढ़ा। दिव्या ने तुरंत जिला पंचायत महासमुंद के खादी ग्रामोद्योग विभाग से संपर्क कर योजना की विस्तृत जानकारी ली। योजना की प्रक्रिया को समझने के बाद उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, बिरकोनी शाखा में ऋण के लिए आवेदन किया।



## खबर संक्षेप

### रसौटा में आज मनाई जाएगी गुरु घासीदास जयंती



**पलारी।** ग्राम रसौटा में जनपद सदस्य तुलसी डहरिया के सानिध्य में उनके निवास स्थान पर आज बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती मनायी जाएगी। इस दौरान परिवारजन द्वारा जैतखाम पर पालो चढ़ाया जाएगा, पश्चात बाबा के महिमा का बखान कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### दिव्यांग एवं फिटनेस मेडिकल बोर्ड का आयोजन 27 को

**महासमुंद।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय महासमुंद में प्रति बुधवार को दिव्यांग मेडिकल बोर्ड एवं प्रति शुक्रवार को फिटनेस मेंडिकल बोर्ड का आयोजन किया जाता है। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि बुधवार 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती एवं 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व पर लगातार दो सप्ताह दिन बुधवार को सार्वजनिक अवकाश होने से दिव्यांगजन की सुविधा हेतु दिव्यांग मेडिकल बोर्ड एवं फिटनेस मेडिकल बोर्ड का आयोजन शुक्रवार 27 दिसंबर को समेंकित रूप से किया जाएगा। उन्होंने समस्त दिव्यांगजन एवं अन्य संबंधित हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि में उपस्थित होकर अपनी आवश्यक जांच प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

### महासमुंद जिले में आरक्षण प्रक्रिया स्थगित

**महासमुंद।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, अध्यक्ष तथा जिला पंचायत सदस्य के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आरक्षण प्रक्रिया की तिथियों को स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने आदेश जारी किया है। पूर्व में जारी आम सूचना के अनुसार महासमुंद जिले के विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली में पंच एवं सरपंच पदों के लिए आरक्षण की कार्रवाई 17 दिसंबर को आयोजित होनी थी। इसी तरह जनपद पंचायत सदस्य और अध्यक्ष तथा जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया 19 दिसंबर 2024 को तय की गई थी।

### स्कूलों में प्राप्त अनुदान मद का वैधानिक अंकेक्षण 19 से

**महासमुंद।** जिले के समस्त शासकीय हाई/हायर सेकंडरी विद्यालय समग्र शिक्षा, माध्यमिक स्तर अंतर्गत प्राप्त अनुदान मद की वैधानिक अंकेक्षण के लिए तिथि व स्थान निर्धारित की गई। इसमें विकासखंड महासमुंद 19 दिसंबर को शासकीय आदर्श उमावि महासमुंद (स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय महासमुंद) के सभागार कक्ष, विकासखंड बागबाहरा 20 दिसंबर, पिथौरा 21 दिसंबर, बसना 22 दिसंबर एवं विकासखंड सरायपाली का 23 दिसंबर को शासकीय आदर्श उमावि महासमुंद (स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय महासमुंद) के सभागार कक्ष वैधानिक अंकेक्षण कार्य होगा। जिला अधिकारी महासमुंद ने समस्त शासकीय हाई/हायर सेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्धारिति तिथि को निर्धारित स्थान पर अंकेक्षण संबंधित सभी दस्तावेज प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यालय लिपिक उपस्थित होकर अंकेक्षण कार्य कराने का निर्देश दिया है।

## निधन

### मोजीराम छेकर



**कसडोल।** संतोषी नगर रायपुर निवासी और छत्तीसगढ़ मेहर समाज के वरिष्ठ समाजसेवी मोजीराम छेकर 82 वर्ष का निधन मंगलवार को गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को महादेव घाट के मुक्तिधाम में किया गया। वह खोंजी बाई छेकर के पति, भाना, पवन, सुरेश, निर्मला, धर्मेन्द्र के पिताजी थे।

# सतनामी समाज ने जनजागरण के लिए निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर्व पर मंगलवार को शहर में बाइक रैली निकाली गई। अध्यक्ष ओमप्रकाश रात्रे के नेतृत्व में बाइक रैली नगर के सभी सतनामी समाज के सदस्य शामिल हुए। मिनीमाता प्रांगण से प्रारंभ कर सतनामी चौक होते हुए सदर बाजार रामसत्ता फुहारा चौक माता देवालय होते हुए पटपर बस स्टैंड मिनीमाता में बाइक रैली का समापन हुआ। बाइक रैली में उपस्थित मोहन बांधे, फलित भारती, एमडी लहरे, योगेश आनंद, शिव आनंद, बंटी टंडन, गोवर्धन डहरिया एवं महिलाएं 100 के तादाद में अपनी अहम भूमिका निभा।



### नपं में मना जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी के बालसमुन्द मार्ग स्थित सतनाम भवन में जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें सामाजिक विशिष्टगणों के साथ–साथ लगभग 2500 से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति रही। शासन निर्देशानुसार राज्य स्तरीय लोककला महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जिले के दो दलों को अधिक प्राप्तांकों के आधार पर चयन किया गया। आयोजित कार्यक्रम पूर्णतः सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। उक्त जानकारी आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त संजय कुर्रे ने दी।




**आयोजन : मूर्ति स्थापना से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ हवन-पूजन**

# स्कूल परिसर में सरस्वती की प्रतिमा स्थापित प्राण प्रतिष्ठा व भंडारा का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पूर्व माध्यमिक शाला कोसमंदी परिसर में प्रधान पाठक ओसराम साहू द्वारा मां सरस्वती मंदिर का निर्माण कराया गया। बुधवार को विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पं. रोहित महराज ने विधी विधान से की।

प्रधानपाठक ओसराम साहू ने मूर्ति स्थापना से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार से हवन–पूजन किया, जिसमें सभी विद्यार्थी एवं नागरिक और जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों ने हवन में आहुतियां दी। अंत में शिक्षक द्वारा प्रसाद वितरण कर भंडारे का आयोजन कराया गया, जिसमें ग्रामीण भी सम्मिलित हुए। मां सरस्वती प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद पूरा विद्यालय भक्ति भाव में डूब गया तथा मां के जयकारों से परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर मिडल स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर छात्र–छात्राओं एवं अतिथियों को भाव–विभोर किया। इस मौके पर प्राचार्य यूके नागवंशी ने कहा की प्रधानपाठक ओसराम साहू द्वारा की गई यह पहल अनुकरणीय है तथा विद्यालय परिसर में मंदिर स्थापना से विद्यार्थी प्रतिदिन अपने दिन का आरम्भ मां शारदे के दर्शन कर करेंगे।



कार्यक्रम में यू के नागवंशी प्राचार्य, नरेंद्र वर्मा अध्यक्ष एसएमसी हायर सेकंडरी स्कूल कोसमंदी, छन्नू वर्मा संकुल समन्वयक, सीमा वर्मा प्रधानपाठक, पुरुषोत्तम साहू संरक्षक, श्यामरतन साहू अध्यक्ष मिडिल स्कूल, रिंकू वर्मा उपाध्यक्ष, रामचंद वर्मा पंच, जगन्नाथ वर्मा, मन्नू साहू, गणेशराम देवांगन, बिहारीलाल पटेल, रामकिशन जलहरे, आभा घृतलहरे, डिलेश्वर प्रसाद साहू, कौशिल्या कन्नौजे, तोमेश्वरी साहू, गौरीसिंह ठाकुर, गंगाराम साहू, रामाधीन साहू, चुनिया कन्नौजे, ग्रन्थबाई साहू, चित्र साहू, नरेश साहू, दिव्या साहू, रविशंकर साहू, व्याख्याता एवं हाई स्कूल दतान स्टॉफ राजकुमार साहू, ओमेश्वरी साहू, गोदेश्वरी साहू, ज्योति साहू, कल्पना साहू, पुष्पा कन्नौजे, बीरबल वर्मा, डीपी धीवर, किशोर वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, खिलौना राम वर्मा, पुष्पा वर्मा, लेखनी वर्मा, सविता वर्मा सहित ग्रामवासी, शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

### छात्रों ने किया विज्ञान केंद्र का भ्रमण

**खरोरा।** एबीसी पब्लिक स्कूल कक्षा छठवी से आठवीं तक के छात्रों ने साइंस सेंटर रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के प्राचीन आभूषण, वाद्ययंत्र, धान के विभिन्न किस्म, पत्थर के प्रकार, वेशभूषा, दर्पण का कमाल व विज्ञान, गणित, भूगोल से संबंधित बहुत से यंत्रों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। तारामंडल से संबंधित पिक्चर को देखकर बच्चों को आकाशीय घटना के बारे में विस्तार से देखने व जानने का अवसर मिला। सभी बच्चे उत्साहित थे। बच्चों ने बताया कि जो ज्ञान बुक से स्टडी करने पर नहीं होता उससे ज्यादा प्रेक्टिकल रूप में देखने पर मिला। इस प्रकार बच्चों को विभिन्न विषयों से संबंधित अपने रचनात्मक कौशल को और बेहतर करने का अवसर मिला।




### स्कूल में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती




**पलारी।** नगर स्थिति हैलो किड्स स्कूल में संत गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। स्कूल संचालक भाग्यश्री चंदन साहू ने मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले तप पुरुष बाबा गुरुघासी दास की जीवनी बच्चों को विस्तार से बतायी तथा उनके बताए रास्ते को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# सरकार की एक साल की उपलब्धि पर हायर सेकंडरी स्कूल में हुई पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान खैरा व बगबुड़ा के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के स्वयंसेवकों ने सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पोस्ट कार्ड लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें 35 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर पूर्व सैनिक के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने सरकार की उपलब्धि को पोस्टकार्ड के माध्यम से बनाया। सबसे अच्छा प्रदर्शन खुशबू वैष्णव, पिंकी सोनवानी, मुस्कान साहू, कनकलता प्रजापति, मनीषा धृतलहरे, भारती प्रजापति, दुलेशवरी प्रजापति स्वयंसेवकों ने कार्ड लेखन के माध्यम से प्रस्तुत किया।

इस प्रतियोगिता का निर्णायक शिक्षक अनुशवर यादव, चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, शशिभूषण गायकवाड़, कैलाश साहू, उर्मिला नेताम, प्रेमेशवरी नेताम, ओंकार ध्रुव थे। संस्था के प्राचार्य ने सभी स्वयंसेवकों को सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर पोस्टकार्ड के माध्यम से प्रस्तुत करने पर सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी।

### नपं अध्यक्ष ने किया पेंशनर भवन का लोकार्पण

**पलारी।** नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा द्वारा पेंशनर संघ भवन लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे आपके भवन का लोकार्पण करने का अवसर मिला। भवन के अभाव में छोटी छोटी समस्याओं का समाधान करने बैठक को लेकर इधर-उधर भटकना पड़ता था, जो की अब कही जाना नहीं पड़ेगा, जब भी आपको मेरी जरूरत होगी, सहयोग करूंगा। अध्यक्ष वर्मा ने सभी पेंशनरों को अपनी ओर से शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महेंद्र साहू मंडल दक्षिण पलारी अध्यक्ष, पार्षद ताजेन्द्र कनौजे, टुकेश्वरी वर्मा, पुष्पा मोहन बंजारे, बिसौहा राम पटेल अध्यक्ष पेंशनर संघ, खम्मन वर्मा, देव प्रसाद साहू, रघुनंदन वर्मा, बुधराम वर्मा, सरजू प्रसाद घृतलहरे, डेरहा प्रसाद साहू, रामनाथ साहू, रामखिलावन साहू, शिव वर्मा, अशोक निर्मलकर, महावीर वर्मा, रामकुमार वर्मा सहित पेंशनर संघ के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामखिलावन वर्मा ने किया।



# स्कूल में मंच निर्माण का पार्षद ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

पार्षद निधि से निर्मित किये जाने वाले शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में मंच निर्माण का भूमि पूजन मंगलवार को पार्षद शीला संजीव साहू द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि वार्ड नंबर 2 के पार्षद शिला सजीव साहू ने पिछले वर्ष की निधि से जिला सहकारी बैंक के पास मोहल्लेवासियों के लिए, रंगमंच का निर्माण भी कराया है। पूजन में शासकीय उत्तर माधमिक विद्यालय के जन भागीदारी अध्यक एवं पार्षद शीला संजीव साहू ने भूमि पूजन किया, जिसमें भाजपा, कार्यकर्ताओं में झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट जिला संयोजक संजीव साहू, पूर्व भाजपा जिला मंत्री मनोहर सरजाल, भाजपा मंडल महामंत्री फुलचंद जयसवाल, पार्षद राजेश सिदार, पार्षद मजनू देवांगन, ईवर केवट, पार्षद जान मोहमद और प्राचार्य के साथ स्टाफ की उपस्तिथि में सम्पन्न हुआ।



# सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ



**हथबंद।** मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा गड़रिया पाल सामुदायिक भवन व सवरा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6.50 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। इसका मंगलवार को सरपंच प्रतिनिधि विद्या वर्मा व पंचों तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया। ग्रामीणों ने मंत्री वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सामुदायिक भवन ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र होगा, जहां वे अपने सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे। कार्यक्रम में पंच मूलचंद टंडन, नरेश अनंत, प्रकाश पाल, मोनू समुन्द्रे, जीतू यादव, धन्ना निषाद, बीजेपी उपाध्यक्ष जीवन साहू, राजा प्रजापति सरपंच कुकराचुदा, धनी राम रजक, ईश्वरी मरखंडे, रामकुमार साहू, राजकरण महिलांग, भावेश साहू, मोहन धीगड़े, जिला सहकारी सोसायटी अध्यक्ष संतराम पाल, संतु पाल, रमेश पाल, मंजू लता पाल, लता पाल, चित्रलेखा पा,ल ज्योतिष निषाद, कुन्ती पाल, कुंदे पाल, कमला यादव, पुष्पा यादव, संबती यादव, उमा चंद्राकर, परमिला यादव, राकेश सवरा, धनमत सवरा, बंटी समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य शिविर में 558 मरीज हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी जिला बलौदाबाजार के दिशा निर्देश एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारस पटेल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिले से आए हुए डॉ. एसआर बंजारे, डॉ. शिल्प वर्मा, डॉ. रीतू बाघमार, डॉ. विनीता, डॉ. देवेश वर्मा द्वारा शिविर में निश्चिय निरामय कार्यक्रम, आयुष्मान बंदन योजना, बीपी, शुगर, टीबी, केंसर से संबंधित जांच की गई। साथ में खून जांच, उच्च रक्तचाप, आंख संबंधी जानकारी कुष्ठ, मलेरिया, सिकलसेल आदि बीमारियों की जांच एवं परामर्श दिया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया। इसमें 30 व्यक्तियों द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। शिविर में कुल 558 मरीजों ने लाभ उठाया, जिसमें मधुमेह एवं उत्तर रक्तचाप के 319 ओरल कैंसर के 74 स्तन कैंसर के 62 स्ट्रोक के 178 मानसीक स्वास्थ्य कार्यक्रम के 23 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाइयां दी गई।

शिविर में रक्तदान किए जाने वाले लोगों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही शिविर में लोगों को वर्तमान में होने वाली बीमारियों के बारे में और अपने दिनचर्या में बदलाव एवं योग संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में 10 बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाया एवं वितरण किया गया। साथ ही लोगों को सरकारी अस्पतालों में लाइन लगने से बचने हेतु पर्ची कटवाने के लिए आभा आईडी का उपयोग बताया गया।



**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मितानिनों का हुआ सम्मान**

# जिपं सदस्य ने किया लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम पंचायत पैजनी के पंचायत भवन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका व मितानिनों का सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को हुआ। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य ललिता यदु, अध्यक्षता सरपंच हलदर प्रसाद वर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर क्षेत्र क्रमांक 10 के जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु के द्वारा गांव के बसंत घर से तरुण यदु घर तक सीसी रोड निर्माण दो लाख बयालीस हजार रुपए एवं तरुण यदु घर से नाली तक सीसी रोड 2 लाख प्राथमिक शाला में पाइपलाइन विस्तार के लिए एक लाख 81 हजार साथ ही प्राथमिक शाला में शौचालय निर्माण के लिए एक लाख 81 हजार पूर्व माध्यमिक शाला में शौचालय निर्माण हेतु 50 हजार का भूमि पूजन किया गया। वहीं पंचायत भवन में सम्मान समारोह रखा गया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुंदरौतिन बाई वर्मा, लोकमती सोनवानी, सहायिका उत्तरी यादव, संतोषी वर्मा, मितानिन रेखा वर्मा, उमा वर्मा, कमलेश भारद्वाज को साड़ी श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित सरपंच हलधर प्रसाद वर्मा, सचिव मनोज कुमार घृतलहरे, पंच केवरा प्रमोद वर्मा, दिनेश वर्मा, उत्तरा यदु, रामेश्वरी, विजय वर्मा, मोहन बाई बंजारे, निर्मला राजेश वर्मा, काशीराम यदू पूर्व सरपंच अनिता वर्मा, टीकाराम साहू, मनोज बंजारे, रोहित वर्मा, तरुण यदु, महेश वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, राजकुमार वर्मा व ग्रामवासी उपस्थित थे।



